संसद सदस्यों ने पंडित जवाहर लाल नेहरू को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 14 नवम्बर, 2019: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला; केन्द्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री, श्री प्रह्लाद जोशी; संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री, श्री प्रह्लाद सिंह पटेल; पूर्व उप प्रधान मंत्री, श्री लाल कृष्ण आडवाणी; विभागों से सम्बद्ध मानव संसाधन विकास संबंधी संसदीय स्थायी समिति (राज्य सभा) के सभापति, डॉ सत्यनारायण जटिया; संसद सदस्यों और पूर्व संसद सदस्यों ने आज पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

लोक सभा की महासचिव, श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव और राज्य सभा के महासचिव, श्री देश दीपक वर्मा ने भी पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ एस. राधाकृष्णन ने 5 मई, 1966 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र का अनावरण किया था।